श्री बंशीधर नगर, गुरुवार
18.04.2024
चैत्र शुक्लपक्ष दशमी, संवत 2081
वर्ष : 02, अंक : 233

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 05:33 बजे
अस्त - 06:17 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 39 डिग्री से.
न्यूनतम : 25 डिग्री से.

# बंशीधर न्यूज

कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



डिजिटल अखबार | www.banshidharnews.com | राम मय हुआ श्री बंशीधर नगर >> पेज 03 | जातिगत जनगणना जरूरी है : राहुल गांधी >> पेज 04

**सुविचार**

जिंदगी में अगर सही, गलत बताने वाला कोई न हो तो वे बच्चे इस तरह बिगड़ जाते हैं जैसे कि बाग में माली न हो और वह बाग उजड़ जाते हैं!

**न्यूज अपडेट्स**

### बेकाबू हुआ डीजे वाहन, कुचलने से दो की मौत

**लोहरदगा।** जिले में रामनवमी के शोभायात्रा के दौरान बुधवार को डीजे वाहन अनियंत्रित हो गया और कई लोगों को रौंद दिया। इस हादसे में एक युवती और एक महिला की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। घायलों में से चार लोगों की हालत गंभीर है। सभी घायलों को आनन-फानन में सदर अस्पताल पहुंचाया गया। गंभीर रूप से घायल चार लोगों को राजधानी रांची स्थित रिम्स भेज दिया गया है। मृतकों की पहचान शहरी क्षेत्र की रियाडा की रहने वाली सोनी (18) के रूप में हुई। वह बाजार समिति के पीछे रहती थी। समाचार लिखे जाने तक एक अन्य मृतक महिला की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

### एरिया कमांडर सहित दो उग्रवादी गिरफ्तार

**खूंटी।** लोकसभा चुनाव में पीएलएफआइ का फिर वर्चस्व कायम करने और रनिया थाना क्षेत्र में भय का माहौल पैदा करने की संगठन की योजना धरी की धरी रह गई जब तक पीएलएफआइ उग्रवादी किसी घटना को अंजाम देते, उसके पहले ही इस प्रतिबंधित संठन के दो उग्रवादियों को पुलिस ने दबोच लिया। गिरफ्तार उग्रवादियों में तपकारा थाना के हुसीर गांव निवासी हर्षित गुड़िया और तमाड़ थाना के माइयोडीह निवासी प्रकाश प्रमाणिक शामिले हैं। इनके पास से पुलिस ने एक देसी कट्टा, 10 जिंदा गोलियां, नक्सली संगठन पीएलएफआइ का पर्चा और नगद 27 हजार तीस रुपये, टीवीएस अपाची बाइक, तीन मोबाइल और दो पिट्ठू बैग बरामद किए हैं।

### नदी में नहाने गई पांच बच्चियां डूबीं, दो की मौत

**चतरा।** रामनवमी के दिन बुधवार को चतरा जिले में एक बड़ा हादसा हो गया। नदी में नहाने गईं पांच बच्चियां डूब गईं, जिसमें दो की मौत हो गई जबकि तीन को बचा लिया गया। पुलिस के अनुसार सिंचाई के लिए नदी में गड्ढा खोदा गया था। उसी गड्ढे में हंटरगंज प्रखंड के डाहा गांव की रहने वाली पांच बच्चियां स्नान करने के लिए उतर गईं और डूबने लगीं। तीन बच्चियों को तो बचा लिया गया लेकिन दो की मौत हो गई। मृत बच्चियों की पहचान शिवानी कुमारी (10) और देवंती कुमारी (6) के रूप में हुई है।

**लोकसभा चुनाव-2024 के चौथे चरण का मतदान 13 मई को**

# झारखंड की चार सीटों के लिए अधिसूचना आज

**रांची।** राज्य में 13 मई को होने वाले मतदान के लिए गुरुवार को अधिसूचना जारी की जायेगी। आम चुनाव के चौथे और झारखंड के लिए पहले चरण में होने वाले मतदान को लेकर अधिसूचना जारी होते ही नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। नामांकन पत्र 25 अप्रैल तक भरे जायेंगे, जिन सीटों के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी, उसमें सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू शामिल है।

इन चारों सीटों में से तीन एसटी के लिए और एक एससी के लिए आरक्षित है। चुनाव आयोग के द्वारा की गई घोषणा के अनुसार 26 अप्रैल को नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी होगी। वहीं, 29 अप्रैल को नामांकन वापसी की तिथि निर्धारित की गई है। चारों सीटों पर मतदान 13 मई को निर्धारित है। मतदान सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक होगा।



मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बुधवार को बताया कि नामांकन दिन के 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक चुनाव आयोग के निदेर्शानुसार दाखिल किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि नामांकन को लेकर जिला स्तर पर तैयारी पूरी कर ली गई है और आयोग के दिशा निर्देश के अनुरूप ही भरे जाएंगे। नामांकन के वक्त रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष अभ्यर्थी के अलावा सिर्फ चार लोगों को ही एंट्री मिलेगी यानी नामांकन के लिए सिर्फ पांच ही लोग उपस्थित हो सकेंगे। इसके अलावा नामांकन से पहले या नामांकन के बाद होने वाले चुनावी सभा और रैली को लेकर भी दिशा निर्देश आयोग के द्वारा जारी किया जा चुका है। नामांकन स्थल से 100 मीटर की दूरी पर गाड़ियों का पार्किंग करने के अलावे अभ्यर्थी अपने साथ चार समर्थकों को रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष आ सकेंगे। बगैर पूर्व अनुमति के किसी भी तरह के जुलूस, रैली या चुनावी सभा प्रत्याशी के द्वारा नहीं किया जा सकता है। यदि इस तरह की सभाएं होती हैं तो इसे आचार संहिता उल्लंघन के दायरे में लाया जाएगा। नामांकन करने के साथ ही अभ्यर्थियों का चुनावी खर्च का लेखा-जोखा शुरू हो जायेगा।

### थम गया पहले चरण का चुनाव प्रचार, शुक्रवार को होगा मतदान

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के लिए 21 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों के 102 संसदीय क्षेत्रों तथा अरुणाचल एवं सिक्किम की 92 विधानसभा क्षेत्रों के लिए बुधवार शाम चुनाव प्रचार थम गया। इन सभी लोकसभा एवं विधानसभा सीटों के लिए 19 अप्रैल को मतदान होगा। आठ केंद्रीय मंत्री, दो पूर्व मुख्यमंत्री और एक पूर्व राज्यपाल सहित कई दिग्गज नेताओं का भाग्य पहले चरण के मतदान के बाद वोटिंग मशीनों में बंद हो जाएगा और 4 जून को नतीजे आयेंगे। हालांकि सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश विधानसभा के नतीजे 2 जून को ही आ जायेंगे। पहले चरण में लोकसभा के लिए अरुणाचल प्रदेश की सभी दो, असम की 14, बिहार की चार, छत्तीसगढ़ की 11, मध्य प्रदेश छह सीट, महाराष्ट्र की पांच, मणिपुर की दो सीट, मेघालय की सभी दो सीट, मिजोरम की एक, सिक्किम की एक, नगालैंड की एक, राजस्थान की 12, तमिलनाडु की सभी 39, त्रिपुरा की एक सीट, उत्तर प्रदेश की आठ, लक्षद्वीप की एकमात्र, पुडुचेरी की एकमात्र, उत्तराखंड की सभी पांच, पश्चिम बंगाल की तीन, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की एकमात्र और जम्मू-कश्मीर की एक सीट पर मतदान होगा। पहले चरण के चुनाव में उत्तर प्रदेश की सहारनपुर, रामपुर, पीलीभीत, मुजफ्फरनगर, असम की डिब्रूगढ़, सोनितपुर, छत्तीसगढ़ की बस्तर, बिहार की जमुई, गया तथा जम्मू कश्मीर की उधमपुर सीट काफी महत्वपूर्ण है। इसी तरह से मध्य प्रदेश की छिंदवाड़ा, तमिलनाडु की चेन्नई उत्तर, चेन्नई दक्षिण, चेन्नई सेंट्रल, कोयंबटूर, थूथुक्कुडी, तिरुनेलवेली, कन्याकुमारी, मणिपुर दो आंतरिक और बाह्य सीट, राजस्थान की बीकानेर और पश्चिम बंगाल की कूचबिहार और अलीपुरद्वार अहम सीट है।

### गोड्डा में पारा पहुंचा 42 डिग्री, कई जिलों में हीट वेव का कहर



**रांची।** इन दिनों झारखंड राज्य तेज गर्मी की चपेट में है। राज्य का सबसे गर्म गोड्डा जिला है। यहां का अधिकतम तापमान 42 डिग्री तक पहुंच गया है। यहां सुबह नौ बजे से ही तापमान में बेतहाशा बढ़ोतरी हो जा रही है। यहां का पारा लगातार बढ़ता जा रहा है। सूर्य की किरणे झुलसा रही हैं। दोपहर में गर्म हवा का असर होने लगा है। चिलचिलाती धूप में लोग परेशान हैं। दोपहर के समय लोग जरूरी काम से ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। हालांकि इस बीच राजधानी रांची समेत पूरे राज्य में तपती धूप से तापमान में बढ़ोतरी होने साथ ही गरज के साथ बारिश होने की संभावना जताई जा रही है।

रांची मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बुधवार को बताया कि 21 और 22 अप्रैल को आंशिक बादल छा सकते हैं। राज्य के मध्य और दक्षिणी क्षेत्र में गर्मी का कहर दूसरे हिस्सों के मुकाबले थोड़ा अधिक है। इस दौरान अधिकतम तापमान 39 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री रह सकता है। आने वाले दिनों में अधिकतम तापमान में और तीन डिग्री की बढ़ोतरी देखी जा सकती है। साथ ही, कई जिलों में हीटवेव की आशंका है, जिसे लेकर रेड अलर्ट जारी किया गया है। कोशिश करें कि भूलकर भी दोपहर 12 से 2 बजे के बीच बाहर न निकलें। सीधा धूप के संपर्क में आने से बचें।

मौसम विभाग के अनुसार सरायकेला खरसावां, पश्चिमी व पूर्वी सिंहभूम, गढ़वा, गोड्डा, साहिबगंज, पाकुड़ दुमका, देवघर, धनबाद व चतरा आदि जिलों में लोगों को गर्मी से बेहद सतर्क रहने की जरूरत है।

## सतबरवा में दो मोपेड सवारों को बस ने रौंदा

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले के सतबरवा थाना क्षेत्र के पोंची बाबा चौक के समीप मेदिनीनगर-रांची मुख्य मार्ग पर बुधवार की शाम अर्स यात्री बस की चपेट में आने से दो मोपेड सवार की मौत घटनास्थल पर हो गई। सूचना पाकर सतबरवा थाना पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया। समाचार लिखे जाने तक मृतकों की पहचान नहीं हो सकी है। एएसआई राजीव रंजन (वन) ने बताया कि टीवीएस मोपेड संख्या (जेएच 03 एए 4163) पर सवार होकर दो लोग मेदिनीनगर की ओर से लातेहार की ओर जा रहे थे। इसी दौरान मेदिनीनगर-रांची मुख्य पथ एनएच 39 पर सामने से आ रही बस की चपेट में आ गए और करीब 25 मीटर तक बस के बगल के हिस्से में फंसकर घिसटते चले गए। पुलिस जवानों ने मानवता का परिचय देते हुए शव को उठाकर पोस्टमार्टम के लिए राजा मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल भेज दिया है। वहीं ग्रामीणों ने पुलिस की इस पहल की सराहना कर कहा कि दुर्घटना के बाद दोनों मृत युवकों का शव बस में फंस जाने से काफी दूर तक घिसटते चले गये थे।

## झामुमो नेता अंतू तिर्की, बिपिन सिंह, मो. इरसाद और प्रियरंजन सहाय गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजे गये

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े 8.46 एकड़ जमीन की फर्जीवाड़ा मामले में मंगलवार को ईडी की छापेमारी के बाद गिरफ्तार किए गए झामुमो नेता अंतू तिर्की, जमीन कारोबारी बिपिन सिंह, मोहम्मद इरसाद और प्रियरंजन सहाय को ईडी की विशेष न्यायाधीश के समक्ष उनके मोरहाबादी स्थित आवास में बुधवार को पेश किया गया। इसके बाद चारों आरोपितों को ईडी की न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा जेल भेज दिया गया। इससे पूर्व ईडी ने इनसे पूछताछ के लिए सात दिनों की रिमांड मांगी है, जिस पर गुरुवार को सुनवाई होगी। रिमांड पर लिये गए फर्जी दस्तावेज बनाने के मास्टर माइंड मोहम्मद सद्दाम हुसैन से पूछताछ के आधार पर ईडी ने बीते मंगलवार को झामुमो नेता अंतू तिर्की, जमीन कारोबारी बिपिन सिंह सहित चार ठिकानों पर छापेमारी की थी। मोहम्मद सद्दाम हुसैन और अफसर अली अभी ईडी की रिमांड पर हैं। ईडी ने इन्हें 8.46 एकड़ जमीन के फर्जीवाड़ा मामले में प्रोडक्शन रिमांड पर लिया था। मामले में अबतक पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और भानु प्रताप प्रसाद सहित पांच को चार्जशीटेड आरोपित बनाया गया है। अबतक आठ लोगों की गिरफ्तारी हुई है।

**गांव से बूथ तक पैदल जाते हैं 700 मतदाता, होती है भारी परेशानी**

# गांव से छह किमी दूर है मतदान केन्द्र

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले के सतबरवा प्रखंड क्षेत्र में दो लोकसभा तथा तीन विधानसभा क्षेत्र पड़ता है। 73 मनिका विधानसभा क्षेत्र के रबदा के कुकुरबंधवा, फुलवरिया और डम्हवा की दूरी बूथ से करीब पांच से छह किलोमीटर है। इन दोनों जगह पर दो वार्ड पार्षद का चयन करीब 700 मतदाता करते हैं, जो पैदल वोट देने सतबरवा के करीब बने रबदा मध्य विद्यालय के बूथ पर जाते हैं। रबदा मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुरेंद्र सिंह ने मंगलवार को बताया कि यहां




पर 86 और 87 नंबर बूथ संख्या बनाया गया है। दोनों बूथों पर सात-सात सौ वोटर हैं। इधर, सहायक निर्वाचक निबंधक पदाधिकारी कृष्ण मुरारी तिर्की ने बताया कि 1100 के लगभग वोटरों की संख्या होने पर बूथ बनाए जाते हैं।

### किराये के अभाव में वोट देने नहीं जा पाते मतदाता

कई मतदाताओं ने बताया कि भाड़े के अभाव में अधिकतर मतदाता वोट देने नहीं जा पाते हैं। इधर, वार्ड पार्षद सह रबदा पंचायत के उप मुखिया उमेश सिंह बताया कि फुलवरिया राजा मेदिनीराय की जन्मस्थली है। यहां से बूथ पर जाने में पांच-छह किलोमीटर पैदल चलकर जाना पड़ता है। भाड़े के टेंपो अन्यथा किसी तरह से जुगाड़ लगाकर बूथ पर वोट देने चले जाते हैं। इस दौरान प्रत्येक मतदाताओं को 100 रुपए के करीब खर्चा आ जाता है। उन्होंने कहा कि कुकुरबंधवा स्थित स्कूल में बूथ बन जाने से यहां के वोटरों को सुविधा होती। इधर, केशर परहिया, प्रदीप सिंह, चंदन सिंह, सुधीर सिंह, फूल कुमारी देवी, प्रेमा देवी, सविता देवी बताती है कि पैदल वोट देने जाते हैं। इस दौरान गर्मी और प्यास से बुरा हाल हो जाता है। इस बूथ पर आदिम जनजाति परहिया समाज के 100, उरांव समाज के डेढ़ सौ तथा आदिवासी चेरो वोटरों के अलावे दलित वोटर वोट देने रबदा स्कूल पैदल जाते हैं। सरकार को सुविधाओं पर ध्यान देने की जरूरत है, ताकि मताधिकार का प्रयोग कई गुना बढ़ाया जा सके।

### टेम्पो-ट्रैक्टर में जोरदार टक्कर, टेम्पो में सवार मां-बेटी समेत तीन की मौत

**मेदिनीनगर :** मेदिनीनगर सदर थाना क्षेत्र के पोखराहा में डालटनगंज-पांकी मुख्य पथ पर बुधवार की शाम भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसमें मां-बेटी समेत तीन की मौत हो गयी। जबकि एक दर्जन लोग जख्मी हो गए, जिन्हें इलाज के लिए एमआरएमसीएच समेत अन्य अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद से प्रभावित परिवार में कोहराम मचा हुआ है। सूचना मिलने पर सदर सीओ प्रदीप बल्होत्रा, एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी समेत कई प्रशासनिक पदाधिकारी एमआरएमसीएच पहुंचकर



स्थिति की जानकारी ले रहे हैं। एमआरएमसीएच में समय पर इलाज नहीं होने का आरोप लगाकर परिजन हंगामा कर रहे हैं। अस्पताल के सामने शहीद भगत सिंह की प्रतिमा के पास मुख्य सड़क को जाम भी किया। हालांकि वार्ता के लिए प्रशासनिक अधिकारी उन्हें अस्पताल परिसर में ले गए हैं। समझाने का प्रयास कर रहे हैं।

# धर्म और आस्था के साथ सनातनी एवं विरासत को बचाने की जरूरत : वीडी राम



बंशीधर न्यूज

चैनपुर : प्रखंड के नरसिंहपुर पथरा में अशर्फी प्रसाद सोनी द्वारा निजी खर्च से नवनिर्मित सूर्य मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर मंगलवार को कलश यात्रा निकाली गयी। बाजे गाजे, घोड़ा रथ के साथ निकली भव्य आकर्षक शोभायात्रा सूर्य मंदिर परिसर से निकलकर ताली तालेया बभंडी होते हुये गांधीपुर शिव घाट कोयल नदी तट पर पहुंची, जहां पंडित प्रेम मिश्रा जी के वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच श्रद्धालु कलश में जल भरकर पुनः सूर्य मंदिर पहुंचकर कलश स्थापना की। सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि तालाब के बीचो बीच सूर्य मंदिर का निर्माण करना पुनीत कार्य है। उन्होंने कहा कि धर्म और आस्था के साथ-साथ अपनी सनातनी एवं विरासत को बचाकर रखने की भी जरूरत है। विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने कहा कि नरसिंहपुर पथरा महावीर मंदिर के पास तालाब में वर्षों से हजारों श्रद्धालु छठ पूजा करते हैं। वहां सूर्य मंदिर की कमी थी, जिसे तालाब को बीचों बीच स्थानीय अशर्फी प्रसाद सोनी ने अपने निजी खर्च से सूर्य मंदिर का निर्माण कर कीर्तिमान स्थापित किया है। सेवानिवृत प्रधानाध्यापक सह मुखिया पति व्यास राम चौरसिया ने कहा कि इस क्षेत्र का यह पहला सूर्य मंदिर है। यहां पर दो तालाबों के बीच टापूनुमा स्थान पर भव्य महावीर मंदिर, शिव मंदिर, दुर्गा मंदिर और अब सूर्य मंदिर भी है। यह जगह काफी रमणीक है। इसे पर्यटन स्थल का दर्जा दिलवाने हेतु राज्य सरकार से मांग करने की जरूरत है। मौके पर सम्मान समारोह में सूर्य मंदिर निर्माण कर्ता अशर्फी प्रसाद सोनी द्वारा अतिथियों को पगड़ी पोश कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला परिषद रामलव प्रसाद, पूर्व जिला परिषद विकास चौरसिया उर्फ संटू चौरसिया, सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, राघवेंद्र तिवारी, आनंद सिंह, सुनील सिंह, जय दुबे, भीष्म चौरसिया, सुबोध गुप्ता, नंदकिशोर चौधरी, प्रेम गुप्ता, सरजू गुप्ता, श्रवण गुप्ता, दुर्गा गुप्ता, श्रीकांत पांडेय, छोटन मिश्रा, संतोष सोनी, आनंद सोनी, धनंजय गुप्ता, आशुतोष रौशन, राजू गुप्ता, रामकरेश चौरसिया बबलू चौरसिया आदि सहित सैकड़ों श्रद्धालु शामिल थे। 21 अप्रैल को प्राण प्रतिष्ठा हवन पूर्णाहुति भंडारा एवं संध्या बेला में महा गंगा आरती का आयोजन किया जायेगा।

## न्यूज अपडेट्स

### प्रसिद्ध वाईल्ड लाईफ फोटोग्राफर मृत्युंजय शर्मा का निधन

मेदिनीनगर : रेड़मा निवासी और झारखंड के प्रसिद्ध वाईल्ड लाईफ फोटोग्राफर मृत्युंजय शर्मा का बुधवार की सुबह रांची में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। दीमकों के सबसे बड़े घर की खोज करने के कारण उन्हें 2016 उन्हें लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में शामिल किया गया था। उन्होंने हजारीबाग के आसपास एक हजार से ज्यादा इसेक्ट की सूची तैयार की थी। जैव विविधिता पर लिखी उनकी पुस्तक स्पाईडर ऑफ झारखंड का विमोचन तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास ने खेलगांव में किया था। मृत्युंजय शर्मा की प्रारंभिक पढ़ाई मेदिनीनगर के रोटरी स्कूल से हुई थी और उन्होंने मैट्रिक की परीक्षा पलामू जिला स्कूल से 1983 में की थी। उनकी आगे की पढ़ाई हजारीबाग और दिल्ली में हुई। पढ़ाई पूरी करने के बाद वह हजारीबाग में वन विभाग में नौकरी करने लगे। यहीं उन्होंने हजारीबाग से सौंदर्य को अपने कैमरे में कैद करना शुरू किया। उनकी खींची हुई तस्वीरें जिला समाहरणालय समेत अनेक सरकारी इमारतों में लगी है। 2024 में उनकी तितलियों की तस्वीर के आधार पर हजारीबाग वन विभाग का कैलेंडर तैयार किया गया था। उनकी पत्नी कुसुमलता शर्मा अधिवक्ता हैं। पुत्री सौभाग्यम शर्मा कोरिया में भौतिकी में शोध कर रही है।

## गढ़वा ▶ नगर ऊंटारी गढ़ में हुई इंडि गठबंधन के सदस्य दलों की बैठक

# समन्वय बनाकर काम करेंगे, तो सफलता निश्चित : मिथिलेश

बंशीधर न्यूज





**श्री बंशीधर नगर :** नगर ऊंटारी गढ़ में इंडिया महागठबंधन में शामिल दलों की संयुक्त बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से मंत्री मिथिलेश ठाकुर, महागठबंधन की प्रत्याशी ममता भुईयां, पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, झामुमो नेता ताहिर अंसारी, राजद जिलाध्यक्ष सूरज सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे। इस दौरान मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने सभी दलों के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुये कहा कि लोकसभा चुनाव में महागठबंधन में शामिल दलों के लोग समन्वय बनाकर काम करेंगे, तो सफलता निश्चित मिलेगी। पलामू लोकसभा क्षेत्र में वर्तमान सांसद के खिलाफ लोगों में भारी आक्रोश है। जिसका उदाहरण वीडी राम का हर जगह हो रहा विरोध है। अपने कार्यकाल में सांसद ने क्षेत्र के लिये कुछ नहीं किया है। वे सिर्फ मोदी के नाम पर जनता को गुमराह कर चुनाव जीतना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार जनता की उम्मीदों पर पूरी तरह असफल साबित हुई है। बेरोजगारी चरम पर है। महंगाई आसमान छू रहा। किसान, युवा, गरीब, महिला सहित सभी लोग खुद को छला महसूस कर रहे हैं। पीएम मोदी खुद के कामो की जगह हिन्दू-मुस्लिम कर फिर से जनता को गुमराह क र सता पाना चाहते है। लेकिन हम कार्यकर्ताओं को जनता को केंद्र सरकार की असफलताओं को बताना होगा। हर रैली में मोदी जी मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिये धर्म का सहारा ले रहे हैं। इस दौरान महागठबंधन उम्मीदवार ममता भुईयां ने सभी लोगों से सहयोग की अपील करते हुये जनता की आकांक्षाओं पर खरा उतरने की बात कही। बैठक में झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, अनुमंडल अध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय, अमरनाथ पांडेय, सूर्यदेव मेहता, अमर राम, मुकेश सिन्हा, निर्मल पासवान, रमेश चंद्रवंशी, ईश्वरी चौधरी, किरण देवी सहित बड़ी संख्या में सभी दलों के कार्यकर्ता मौजूद थे। इसके पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, महागठबंधन की प्रत्याशी ममता भुईयां समेत महागठबंधन के नेताओं ने श्री बंशीधर मन्दिर में मत्था टेका तथा जीत के लिये बंशीधर जी से आशीर्वाद मांगा। उधर मंदिर प्रबंधन समिति की ओर से सभी को चुनरी ओढ़ाकर एवं बंशीधर जी की तस्वीर भेंट कर स्वागत किया गया।

## कृष्ण का चरित्र प्रशंसनीय है तो राम का चरित्र अनुकरणीय : अविनाश देव



**मेदिनीनगर :** राम के जन्मोत्सव पर पूरा सनातनी हिंदू उत्साह से लबरेज है। महावीरी झंडा से चारो दिशाओं का फिजा धरा से लेकर नील गगन तक पूरा राममय हुआ है। उत्त बातें संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने कही। वे चैनपुर प्रखंड के बंदुआ में मंगलवारी जुलूस के बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। स्टूडेंट क्लब के अध्यक्ष फूलमाला अंगवस्त्र व रामनाम के पट्टा देकर स्वागत किया। श्री देव ने कहा राम मर्यादा में रह कर शत्रुओं को संहार किये। पिता के आज्ञा को पालन करते सौतेली मां के कहने पर राजमहल छोड़ जंगल में रहना स्वीकारे। आदमी को हमेशा धर्म को धारण करना चाहिये। विश्व के कल्याण में लगाना चाहिये, दया करुणा का भाव जीवों पर बरसाना ही धर्म का मूल तत्व है और उन्माद से बचना चाहिये। राम का चरित्र अनुकरणीय है उनके एक एक कार्य व्यवहार से सीखना चाहिये।

## श्री राम चरित्र मानस सुंदरकांड पाठ का आयोजन

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** मानस मंडली बिशनपुर इकाई गढ़वा के तत्वावधान में संगीत में श्री राम चरित्र मानस सुंदरकांड पाठ व अखंड पाठ का आयोजन किया गया। इस दौरान मानस मंडली के सभी सदस्य को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कमेटी की ओर से प्रसाद एवं महाप्रसाद का वितरण किया गया। ज्ञात हो कि प्रत्येक मंगलवार को सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाता है। सुंदरकांड का पाठ करने से सभी समस्या का समाधान होता है। विश्व का कल्याण होता है। सुंदरकांड के पाठ से पूर्व श्री राम दरबार में श्री हनुमान जी की पूजा अर्चना की गई। मौके पर मंडली के सदस्यों ने कहा सभी मनुष्य को जीवन में श्री हनुमान चालीसा का पाठ प्रत्येक दिन करना चाहिये। मनुष्य को मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र जी के आदर्शों को अपने जीवन में उतारना चाहिये। मौके पर मंडली के बृजेश कुमार पांडेय, अमरेंद्र कुमार मिश्र, द्वारिकानाथ पांडेय, अशोक पटवा, अधिवक्ता सतीश चौबे, सियाराम पांडेय, राकेश रंजन चौबे, कृष्ण कुमार चौबे, शत्रुघन कुमार, मार्कंडेय तिवारी, विजय कुमार पांडेय, मनोज सिन्हा, सतीश धर दुबे, उमेश सिंह, अजय सिंह, रघुपति सिंह, सुबोध प्रसाद, अमरेंद्र कुमार मिश्र, अरविंद तिवारी आदि उपस्थित थे।

## पांडू में नहीं निकला रामनवमी जुलूस, 30 गांवों के रामभक्तों में मायूसी

**विश्रामपुर :** पांडू प्रखंड के 30 गांवों से रामनवमी का जुलूस नहीं निकलने से न सिर्फ वहां के रामभक्तों का धार्मिक भावना आहत हुई है। बल्कि यह मुद्दा स्थानीय पुलिस प्रशासन के लिये चुनौती बन गई है। दो दशक से वहां 30 गांवों का जुलूस कजरू कला समदा मैदान में पहुंचता था। लेकिन प्रशासन की रवैया से तंग रामभक्तों ने बैठक कर जुलूस नहीं निकालने का निर्णय लेकर सबको हैरानी में डाल दिया है। पांडू श्रीरामनवमी पूजा महासमिति के संस्थापक अध्यक्ष सह भाजपा के वरीय नेता धर्मदेव सिंह यादव के विरुद्ध पुलिस की कार्रवाई से 30 गांव के पूजा कमेटी के रामभक्तों में घोर आक्रोश है। कमेटी के लोगों ने इसके लिये पुलिस प्रशासन पर अध्यक्ष के खिलाफ झूठ मुकदमा में फंसाने का आरोप मढ़ते हुये जुलूस नहीं निकालने का निर्णय लिया है। उनका आरोप है कि महासमिति के अध्यक्ष पर अनावश्यक दबाव बनाने के लिये पुलिस कई मनगढ़ंत व तथ्यहीन मुकदमा किया है। जिससे 30 गांवों के रामभक्तों की भावना आहत हुई है। कजरू के रामनवमी मैदान परिसर में निर्माणाधीन बजरंग बली के विशाल मंदिर परिसर में 30 गांव के पूजा समिति के लोग जुटकर झंडों का मिलान करते हैं। वहीं रात में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता था। जिसमें कई राज्यों के उम्दा लोक गायक का जमावड़ा होता था। लेकिन इस वर्ष जुलूस नहीं निकलने व भोजपुरी दो गोला गायन मुकाबला नहीं होने से लोगों में घोर उदासी है।

## मंत्री मिथिलेश ने कन्या पूजन कर व फीता काटकर किया भंडारा का उद्घाटन, कहा

# अन्नपूर्णा की कृपा बनी रहे तो जीवन सुखमय

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** रामनवमी पूजा के मौके पर शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर विभिन्न संगठनों द्वारा भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। शहर के सहिजना मोड़ स्थित अंबेडकर चौक के समीप झुग्गी- झोपड़ी दुकानदार संघ, गोविंद उवि के गेट का समीप रंका मोड़ पर युवा शक्ति संघ, श्री बजरंग संघ सोनपुरवा, कमलापुरी वैश्य समाज मेन रोड आदि स्थानों पर भंडारा का आयोजन किया गया। इन स्थानों पर आयोजित भंडारा का उद्घाटन गढ़वा विधायक सूबे के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने दीप जलाकर, फीता काटकर कन्या पूजन कर एवं प्रसाद वितरण कर किया। मंत्री ने कन्याओं को टीका लगाकर, चुनरी ओढ़ाकर दक्षिणा भी प्रदान किया। कन्याओं को प्रसाद खिलाने के बाद मंत्री ने रामभक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि धरती पर जब-जब पाप और अत्याचार बढ़ता था तब-तब भगवान का अवतार होता है। इसी चैत शुक्ल नवमी के दिन ही भगवान श्रीराम ने अवतार लिया था। उन्होंने अत्याचारी रावण का वध किया था। उन्होंने कहा कि पर्व त्योहार हमें बुराई पर अच्छाई की जीत, आपसी भाईचारा, एकता एवं सौहार्द का संदेश देते हैं। मंत्री ने कहा कि रामनवमी के मौके पर भंडारा का आयोजन विशेष महत्व रखता है। इसमें अमीर, गरीब, ऊंच-नीच जाति धर्म का भेद नहीं रहता है। सभी लोग एक साथ प्रसाद ग्रहण करते हैं। उन्होंने कहा कि जब मां अन्नपूर्णा की कृपा हो जाएं तो जीवन सुखमय बन जाता है। मंत्री ने कहा कि हमारा देश विभिन्नताओं का देश है। यहां सभी जाति धर्म के लोग आपस में मिलजुल कर सभी पर्व त्यौहार मनाते हैं। देश की अखंडता एवं एकता इसी तरह बनी रहे यही भगवान से कामना करते हैं। मौके पर झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, दिलीप गुप्ता, अविनाश दुबे, युवा शक्ति संघ के अध्यक्ष सन्नी केशरी, अमित रंजन, वेद पटवा, पिंटू मधेशिया, गुड्डू गुप्ता, दिलीप गुप्ता, विक्की पटवा, अशोक मधेशिया, दीवाकर, मनोज केशरी, विनोद कमलापुरी, विनोद गुप्ता, झुग्गी झोपड़ी दुकानदार संघ के अध्यक्ष मनोज मेहता, उपाध्यक्ष सधीर सिंह, सिपाही गुप्ता, अमित, बबलु तिवारी, दीपक, अजय, उमाशंकर, सोनू ,अंकित, अरविंद ठाकुर सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## सांसद वीडी राम पर प्राथमिकी दर्ज

**धुरकी :** पलामू सांसद वीडी राम ने धुरकी प्रखंड के अम्बाखोरेया पंचायत भवन में अपने पार्टी सहित ग्रामीणों को बैठक बुलाकर मिलन समारोह किया था। इसी के आलोक में बुधवार की सुबह धुरकी बीडीओ सह सीओ जुल्फिकार अंसारी के आवेदन के आधार पर सांसद विष्णु दयाल राम एवं अन्य अज्ञात कार्यकर्ताओं के विरुद्ध आदर्श आचार संहिता के दौरान पंचायत सचिवालय अंबाखोरेया में बगैर अनुमति के राजनीतिक नारेबाजी करने के आरोप में धुरकी थाना में आदर्श आचार सहिता उल्लंघन के आरोप में कांड दर्ज कराया गया है।

## बहन के तिलक से एक दिन पहले ट्रेन से कट कर भाई की मौत

**गढ़वा :** थाना क्षेत्र अंतर्गत गढ़वा स्टेशन के समीप मदरसा रोड रेलवे फाटक पर साईकिल सवार युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। दुर्घटना के स्थान पर शरीर का भाग जगह-जगह बिखरा पड़ा था। शरीर का हिस्सा लगभग 100 मीटर दूर तक बिखरा हुआ था और साईकिल लगभग 20 मीटर दूर डाउन लाईन से बाहर फेंकाया हुआ था। युवक की पहचान थाना क्षेत्र अंतर्गत नवादा सुखवाना निवासी वीरेंद्र प्रसाद के लगभग 19 वर्षीय पुत्र अरुण प्रसाद के रूप में हुई। जानकारी देते हुये मृतक के चाचा जितेंद्र प्रसाद ने बताया कि कल 18 अप्रैल को भतीजी यानी मृतक अरुण की बहन का तिलक चढ़ाने नबीनगर जाना था। जिसको लेकर जितेंद्र अपने घर से बाजार की ओर सामान लेने के लिये जा रहा था, इस दौरान दुर्घटना हुई है। जितेंद्र की बहन का तिलक 18 अप्रैल को और शादी 23 अप्रैल को तय की गई थी।

## न्यूज अपडेट्स

### बाईक दुर्घटना में युवक की मौत

श्री बंशीधर नगर : विशुनपुरा रोड स्थित पिपरी गांव के समीप हुई बाइक दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। घटना बुधवार दिन 4 बजे की है। मृतक मझिआंव थाना क्षेत्र के देवनकारा गांव निवासी राम विनय यादव का 30 वर्षीय पुत्र अनुज कुमार यादव है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मृतक अनुज अपने घर देवनकारा से बाईक द्वारा चितरी आ रहा था। इसी दौरान पिपरी मोड़ के समीप अनियंत्रित होकर बाईक बिजली के पोल से टकरा गई। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे तत्काल इलाज के लिये अनुमंडल अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिये सदर अस्पताल भेज दिया।

### शहीद लेफ्टिनेंट अनुराग शुक्ला की 5वीं पुण्यतिथि 19 को

**मेदिनीनगर :** मां भारती के लाल शहीद लेफ्टिनेंट अनुराग शुक्ला का 5वीं शहादत दिवस 19 अप्रैल को स्मारक स्थल पर मनाई जायेगी। मेदिनीनगर के सिंगरा स्थित शहीद लेफ्टिनेंट अनुराग शुक्ला चौक पर निर्मित शहीद स्मारक स्थल पर संध्या 6 बजे शहीद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ कार्यक्रम की शुरूआत होगी। शहीद के पिता जितेन्द्र शुक्ला ने बताया कि आचार संहिता लागू होने के कारण इस साल शहादत दिवस सादगी से मनाई जायेगी। शहीद अनुराग की आकांक्षा की पूर्ति करते हुये दीन-दुखियों, जरूरतमंद-असहायों को धोती साड़ी का नि:शुल्क वितरण हमेशा की तरह किया जायेगा।

**रामनवमी** जय श्री राम के जयकारे के साथ निकाली गयी भव्य जुलूस एवं झांकी

# राम मय हुआ श्री बंशीधर नगर

### श्री राम जन्मोत्सव को लेकर लोगों में था काफी उत्साह

बंशीधर न्यूज





**श्री बंशीधर नगर :** श्री राम नवमी का त्योहार बुधवार को श्री बंशीधर नगर अनुमंडल मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्रों में शांतिपूर्ण तरीके से धूमधाम से मनाया गया। रामनवमी के दिन प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में महावीरी झंडा के साथ भव्य जुलूस निकाला गया। श्री राम जन्मोत्सव को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखा गया। श्री राम सेना, एवं हिन्दू सेना की ओर से गोसाईबाग लालाबागी स्थित बजरंग बली मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना के बाद रामदरबार के साथ भव्य जुलूस एवं झांकी निकाली गई। जुलूस में रामजी की निकली सवारी, राम जी की लीला है न्यारी, जय श्रीराम, जय हनुमान के जयकारे से श्री बंशीधर नगर गुंजायमान रहा। जुलूस गोसाईबाग से लेकर मेनरोड होते हुये भवनाथपुर मोड़ तक एवं वापस बस स्टैंड पहुंच कर समाप्त हुई। शोभायात्रा में शामिल लोग डीजे के धुन पर थिरक रहे थे। रथों पर श्री राम जानकी, बजरंग बली सहित अन्य भगवानों के वेश में निकाली गई झांकी आकर्षण का केंद्र रहा। वहीं पारंपरिक शस्त्रों के साथ लोगों ने करतब दिखाये। इस बार श्री राम सेना की ओर से ट्रक पर डीजे व लाईट सजाया गया था। श्री राम सेना की ओर से भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। उधर जुलूस का नेतृत्व सभी गांवों के प्रमुख तथा गणमान्य लोग कर रहे थे। श्री राम सेना, अंजुमन कमेटी समेत विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं समाज सेवियों के द्वारा जुलूस में शामिल लोगों के लिये भंडारा, शरबत, हलवा एवं पेयजल की व्यवस्था की गई थी। इसके पूर्व श्री राम सेना द्वारा रामनवमी को लेकर पूरे शहर को भगवाध्वज एवं इलेक्ट्रॉनिक लाईट से सजाया गया था। भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के बाद विधि विधान से निकली शोभायात्रा में शामिल रामभक्त जयश्री राम के जयकारे लगाते चल रहे थे। श्री राम सेना की ओर से दोपहर में आयोजित भंडारा का शुभारंभ पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव ने किया। जुलूस में पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, बीस सूत्री के प्रखंड अध्यक्ष शैलेश कुमार चौबे, वार्ड पार्षद नीरज कुमार, झामुमो नेता मुक्तेश्वर पांडेय, सूर्यदेव मेहता, अमरनाथ पांडेय, कामता प्रसाद, तस्लीम खां, कामेश्वर प्रसाद, राकेश



जायसवाल उर्फ बबलू जायसवाल, अशोक कुमार, मिक्की जायसवाल, प्रताप जायसवाल, संजीत कुमार उर्फ छोटू, राजेश जायसवाल, अरुण जायसवाल, श्रीराम सेना के अध्यक्ष रजनीकांत मधुर उर्फ भोलू, चेंबर के अध्यक्ष शंभूनाथ सौदागर, गोपाल जायसवाल, पप्पू अनमोल, वीरेंद्र अग्रहरी, ओमप्रकाश चौबे, आशीष जायसवाल, विनोद कसेरा, उमेश कुमार, अनूप निराला, नित्यानंद कुमार, अमित कुमार गुड्डू, आनंद जायसवाल, आशीष कुमार, अनिल मेहता, आनंद कमलापुरी समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल थे। जुलूस शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिये पुलिस एवं प्रशासन के लोग तत्पर थे। सभी चौक चौराहों पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह, पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह, थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक लगातार शहर एवं गांव का भ्रमण कर जायजा ले रहे थे।

## विश्वहिंदू परिषद व बजरंग दल की ओर से किया गया शस्त्र पूजन



बंशीधर न्यूज

**विशुनपुरा :** विश्वहिंदू परिषद व बजरंग दल की ओर से प्रखंड के गांधी चौक पर शस्त्र पूजन किया गया। शस्त्र पूजन पंडित रवींद्र मिश्रा व डब्लू पंडित के वैदिक मन्त्रोच्चारण के बीच किया गया। स दौरान प्रखंड के विभिन्न गांव से आये राम भक्तो ने जय जय श्रीराम, हर हर महादेव का उद्घोष करते नजर आये। यह कार्यक्रम बजरंग अखाड़ा के अध्यक्ष राधेश्याम पांडेय के द्वारा कराया जाता है। रामनवमी को लेकर प्रखंड के विभिन्न गांव मे महावीरी झंडो से पाट दिया गया था, जो देखते ही बन रहा था। शस्त्र पूजन में बजरंग अखाड़ा के अध्यक्ष राधेश्याम पांडेय, विश्वहिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव, प्रवीण यादव, कृष्णा विश्वकर्मा, जितेंद्र दीक्षित, नवल गुप्ता, अशोक पासवान, अजय पाल, कुंदन चौरसिया, श्यामसुंदर चंद्रवंशी, भोला नाथ साहू, अवधविहारी गुप्ता, मंटू पांडेय सहित काफी संख्या मे श्रद्धालू भक्त उपस्थित थे।

## एक ही नारा एक ही नाम, जय श्री राम जय श्री राम से गूंजा मेराल

बंशीधर न्यूज



**मेराल :** प्रखंड भर में हर्षोल्लास के साथ सौहार्द पूर्ण वातावरण में रामनवमी का पर्व मनाया गया। प्रखंड मुख्यालय सहित सभी पंचायत क्षेत्रों में महावीरी झंडा के साथ भव्य जुलूस निकाला गया। साथ ही विभिन्न अखाड़ों द्वारा रामदरबार की झांकी निकाली गई। प्रखंड मुख्यालय में बाजार टोला, छुआना टोला, मुडल टोला, पूवार्रा टोला, बस स्टैंड शिव स्थान से भव्य जुलूस के साथ राम दरबार की झांकी निकाली गई। इसी तरह हासनदाग, श्रीराम सेना लगमा, पतहरिया, दलेली, पचफेड़ी, हासनदाग, बाना, दुलदुलवा, अटौला, बंका सहित कई अन्य जगहों पर विभिन्न अखाड़ों द्वारा राम लक्ष्मण जानकी जय बोलो हनुमान की जयकारे के साथ भव्य जुलूस निकाली गई। मेराल का जुलूस थाना चौक, बस स्टैंड, पुरानी बाजार होते प्राचीन शिव मंदिर, मां शायर देवी धाम मंदिर पहुंचकर समाप्त हुई। जुलूस का नेतृत्व सभी टोलों के प्रमुख तथा गणमान्य लोग कर रहे थे। जुलूस शांतिपूर्ण तथा समय से विसर्जन करने के लिये थाना प्रभारी विष्णुकांत के नेतृत्व में पुलिस बल के जवान जुलूस में शामिल थे। जिसका नेतृत्व बीडीओ जागो महतो, सीओ यशवंत नायक कर रहे थे।

## रामनवमी का त्योहार धूमधाम से मना



**रमना :** प्रखंड मुख्यालय सहित आस-पास के इलाकों में रामनवमी का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। श्री सीताराम मानस मंदिर एवं सूर्य क्लब के तत्वावधान में झांकी के साथ शोभा यात्रा निकाली गयी। महावीरी झंडे के साथ निकाली गई शोभा यात्रा भगत सिंह चौक, सर्वेश्वरी चौक एवं बाजार परिसर होते हुये अपने-अपने गंतव्य स्थान पहुंचकर समाप्त हो गयी। इस दौरान लगाये जा रहे जय श्रीराम के उद्घोष से पूरा इलाका गुंजायमान हो रहा था। शोभा यात्रा के दौरान सूर्या क्लब की ओर से निकाली गयी झांकी मुख्य आकर्षण का केन्द्र था। जुलूस में वीरेंद्र गुप्ता, ललित किशोर, अशफीर्लाल चन्द्रवंशी, उवेन्द्र चन्द्रवशी, विद्या ठाकुर, अनमोल सोनी, राज पाठक सहित बड़ी संख्या में रामभक्त शामिल थे। उधर कबिसा के विश्वजीत पहाड़ी पर विराजमान हनुमान मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय अनुष्ठान सह प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम साधु-संतों की विदाई एवं भंडारा के आयोजन के साथ सम्पन्न हो गया।कार्यक्रम के सफल आयोजन में कृष्णमणि धर दुबे, गोरख धर दुबे, राकेश पांडेय, आशुतोष पांडेय, बबलू पांडेय, धर्मेंद्र पांडेय, जयंत पांडेय, आजाद पांडेय आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### महा भंडारा के साथ नवाह्न पारायण महायज्ञ संपन्न, दुगोला चैता का महासंग्राम आज



**मेराल :** प्रसिद्ध मां शायर देवी धाम मंदिर का वार्षिकोत्सव के नौ वें दिन नवाह पारायण महायज्ञ का समापन भव्य भंडारे के साथ हो गया। चैत्र नवरात्र के नवमी पूजन कार्यक्रम हवन यज्ञ श्रद्धा भाव से किया गया। रामनवमी सह वार्षिकोत्सव के अवसर पर आयोजित महाभंडरा का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा नेता भगत सिंह साहू, प्रमुख दीपमाला कुमारी, कार्यक्रम संचालन समिति के अध्यक्ष संजय भगत, थाना प्रभारी विष्णु कांत, मुखिया रामसागर महतो आदि ने संयुक्त रूप से किया। महा भंडारा में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। उस मौके पर कृष्ण प्रसाद कुशवाहा, विजय प्रसाद, विनोद प्रसाद, सूर्य प्रकाश, राजेश बैठा, प्रमोद महाजन, नवीन कुमार जायसवाल, युवा नेता अतहर अली, महेंद्र प्रसाद, मनोज जायसवाल, विनोद कुशवाहा, अनुज कुमार सहित आयोजन समिति के कई पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल थे। अध्यक्ष संजय भगत ने बताया कि महोत्सव के अंतिम दिन गुरुवार की रात्रि में दुगोला चैता का महासंग्राम होगा, जिसका उद्घाटन विधायक सह झारखंड के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर करेंगे।

## रेहला में निकला रामनवमी वन जुलूस, हजारों रामभक्त हुये शामिल

# जय श्री राम के जयघोष से गुंजा विश्रामपुर शहर

### राम रथ व राम दरबार की झांकी आकर्षण का केंद्र

बंशीधर न्यूज





**विश्रामपुर :** रेहला व आस-पास के दर्जनों गांव में रामनवमी का भव्य जुलूस निकाला गया। जुलूस में हजारों राम भक्त पारम्परिक अस्त्र शस्त्र लिये एवं सिर में भगवा पगड़ी बांधे जय श्री राम व जय हनुमान का गगनभेदी नारा लगाते हुये आगे बढ़ रहे थे। पूजा-अर्चना के बाद रामनवमी का जुलूस रेहला महावीर चौक से शुरू हुआ। जिसकी शुरूआत विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, रेहला ग्रासिम इंडस्ट्रीज इकाई प्रमुख हितेंद्र केशव अवस्थी, ग्रासिम के लायजन ऑफिसर नितेश पांडेय, भाजपा नेता सुशील कुमार चौबे, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, कांग्रेस के अमृत शुक्ला, विजय चौबे, डॉ डीपी शुक्ला, डॉ बीपी शुक्ला, बीरेंद्र चौबे उर्फ गामा चौबे, पूजा समिति अध्यक्ष आलोक शुक्ला, दिनेश शुक्ला, महेंद्र चौबे आदि ने श्रीराम दरबार रथ की पूजा अर्चना कर किया। जुलूस रेहला महावीर मंदिर से शुरू होकर रेहला रेलवे ओवर ब्रिज होते हुये थाना चौक, रेलवे स्टेशन चौक, बाबा योगिवीर देवस्थल, बी मोड़, डंडिला खुर्द, ग्रासिम इंडस्ट्रीज मुख्य गेट होते हुये रेहला शुक्र बाजार पहुंचा। जहां जय श्री राम के नारों के बीच जुलूस का समापन हुआ। जुलुस में शामिल भव्य राम रथ व आकर्षक राम दरबार की झांकी मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। जुलूस में साउंड व लाईट की पूरी व्यवस्था हाईड्रा पर शिफ्ट किया गया था। यह व्यवस्था यहां पहली बार होने से दर्शकों में उसके प्रति कौतूहल बना हुआ था। रेहला रामनवमी पूजा कमेटी की ओर से कार्यक्रम में शामिल गणमान्य लोगों को तिलक लगाते हुये अंगवस्त्र व पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। मौके पर रंजीत सिंह, चंचल शुक्ला, साईमन मैथ्यू एस्ले, अशोक तिवारी, डीएन दुबे, प्रिंस शुक्ला, वेदप्रकाश शर्मा, राजन मिश्रा, टिंकू शुक्ला, छोटू चौबे, संजू सिंह सहित हजारों लोग मौजूद थे।






# पहले चरण के मतदान में दर्जन भर हाई प्रोफाइल सीटों पर रहेगी सबकी नजर

**नई दिल्ली।** 18वीं लोकसभा के लिए शुक्रवार को पहले चरण का मतदान होगा। पहले चरण में करीब दर्जन भर हाई प्रोफाइल सीटें और कई खास उम्मीदवार ऐसे हैं, जो चर्चा में तो रहे ही हैं, किसी न किसी मायने में अहम हैं। ऐसे में इन सीटों और उम्मीदवारों पर सबकी नजर रहेगी। इनमें आठ केंद्रीय मंत्री, दो पूर्व मुख्यमंत्री और एक पूर्व राज्यपाल शामिल हैं, जो 19 अप्रैल को पहले चरण के चुनाव में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।




पहले चरण के चुनाव में उत्तर प्रदेश की सहारनपुर, रामपुर, पीलीभीत, मुजफ्फरनगर लोकसभा सीटें अहम हैं तो असम की डिब्रूगढ़, सोनितपुर छत्तीसगढ़ की बस्तर, बिहार की जमुई, गया, जम्मू कश्मीर की उधमपुर सीट भी काफी महत्वपूर्ण है। इसी तरह से मध्य प्रदेश की छिंदवाड़ा, तमिलनाडु की चेन्नई उत्तर, चेन्नई दक्षिण, चेन्नई सेंट्रल, कोयंबटूर, थूथुक्कुडी, तिरुनेलवेली, कन्याकुमारी, मणिपुर दो आंतरिक और बाह्य सीट, राजस्थान की बीकानेर और पश्चिम बंगाल की कूचबिहार और अलीपुरद्वार अहम सीट हैं। ऐसे में सभी की निगाहें इन सीटों पर रहेगी।

18 वीं लोकसभा के इस चुनाव में इस बार केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी नागपुर सीट से जीत की हैट्रिक लगाने की तैयारी में हैं। इसी तरह से दो बार के सांसद और केंद्र सरकार में राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह उधमपुर में हैट्रिक लगाने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं।

तीन बार के सांसद रहे 52 वर्षीय केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू ने अबकी चौथी बार अरुणाचल पश्चिम सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सबानंद सोनोवाल असम के डिब्रूगढ़ से लोकसभा में वापसी के लिए मशक्कत कर रहे हैं।

उत्तर प्रदेश में अपने जटिल जातीय समीकरणों के लिए विख्यात मुजफ्फरनगर सीट पर केंद्रीय मंत्री संजीव बलियान इस बार यहां से प्रतिस्पर्धा में हैं। राजस्थान में अलवर जिले में केंद्रीय मंत्री और राज्यसभा सदस्य भूपेन्द्र यादव राजस्थान से अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

राजस्थान की बीकानेर संसदीय सीट से केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल चुनाव मैदान में हैं। केंद्रीय मत्स्य पालन राज्य मंत्री एल मुरुगन मध्य प्रदेश से राज्यसभा के लिए चुने गए हैं लेकिन वे तमिलनाडु में नीलगिरी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं।

तेज तर्रार नेता की छवि वाले पूर्व आईपीएस अधिकारी एवं तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष के. अन्नामलाई तमिलनाडु के कोयंबटूर से चुनाव मैदान में हैं। शिवगंगा के सांसद कार्ति चिदंबरम उस सीट से फिर से चुनाव लड़ने के लिए मैदान में हैं, जहां उनके पिता और कांग्रेस सरकार के केंद्रीय वित्त मंत्री रहे पी.चिदंबरम यहां से सात बार जीते थे।

तेलंगाना के राज्यपाल और पुडुचेरी के उपराज्यपाल पद से इस्तीफा देकर तमिलिसाई सौंदर्यराजन सक्रिय राजनीति में वापसी करने के साथ चेन्नई दक्षिण लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रही हैं। एक जमाने की मशहूर अभिनेत्री वैजयंती माला के अलावा पूर्व राष्ट्रपति आर. वेंकटरमन ने भी यहां से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव जीता था।

असम के कलियाबोर निर्वाचन क्षेत्र से 2014 के बाद से दो बार लोकसभा चुनाव जीतने के बाद लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता और पूर्व मुख्यमंत्री तरुण गोगोई के बेटे गौरव गोगोई अबकी पड़ोसी जोरहाट सीट से नए उम्मीदवार हैं।

मणिपुर के कानून और शिक्षा मंत्री बसंत कुमार सिंह इनर मणिपुर निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार हैं। बसंत कुमार सिंह मैती समुदाय से हैं और थौनाओजम चाओबा सिंह के पुत्र हैं, जिन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार में खेल, युवा मामले, संस्कृति और खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री के रूप में कार्य किया था।

उत्तरी राजस्थान में भाजपा के गढ़ चूरू से दो बार के पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी, भाजपा उम्मीदवार देवेंद्र झाझरिया पहली बार चुनावी मैदान में मुकाबले के लिए तैयार है। कांग्रेस नेता और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ के बेटे नकुल नाथ छिंदवाड़ा से दोबारा चुनाव लड़ रहे हैं।

## उत्तराखंड में भाजपा के पास इतिहास रचने का मौका

**देहरादून।** लोकसभा चुनाव में इस बार उत्तराखंड में भाजपा के पास इतिहास रचने का मौका है। 2014 और 2019 की तरह ही यदि इस बार भी पांचों सीट पर स्कोर 5-0 रहा, तो भाजपा इतिहास रच देगी। उत्तराखंड राज्य निर्माण के बाद ऐसा कोई नहीं कर पाया है। भाजपा इतिहास रचने के लिए पूरी ताकत झोंके हुए है। हर सीट पर वह मजबूत है, लेकिन उसे चुनौतियों का सामना भी करना पड़ रहा है। इन स्थितियों के बीच, मोदी लहर और मजबूत संगठन दो ऐसे आधार हैं, जिसे भाजपा जीत की गारंटी मानकर चल रही है। उत्तराखंड राज्य निर्माण के बाद सबसे पहले 2004 में चुनाव हुए थे, तब पांच में से भाजपा ने तीन सीटें जीती थीं। इसके बाद, 2009 के चुनाव में पांचों सीटें कांग्रेस के खाते में चली गई थीं। 2014 और 2019 में पांचों सीटें भाजपा ने जीतीं। अब 2024 का चुनाव सामने है, जिसमें भाजपा पांचों सीट जीतकर हैट्रिक लगाने की कोशिश में है। भाजपा हर सीट पर मजबूत है। हरिद्वार, नैनीताल और अल्मोड़ा सीटों पर भाजपा सबसे सहज है। हरिद्वार की बात करें, तो यहां पर वोटों का बिखराव भाजपा को प्लस कर रहा है। भाजपा उम्मीदवार पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत की राजनीतिक इमेज उनके मुकाबले खडे.हर उम्मीदवार से इक्कीस है। उनका मुकाबला कांग्रेस के विरेंद्र रावत से ही माना जा रहा है, जो कि अपने पिता हरीश रावत के सहारे चुनाव मैदान में संघर्ष कर रहे हैं। बसपा के जमील अहमद और निर्दलीय खानपुर विधायक उमेश कुमार मुकाबले के अलग-अलग कोण उभारने की कोशिश में है। कुल मिलाकर यहां पर वोटों का जबरदस्त बिखराव भाजपा को लाभ प्रदान कर रहा है। नैनीताल और अल्मोड़ा सीटों पर भाजपा और कांग्रेस में आमने-सामने का मुकाबला है। नैनीताल सीट पर भाजपा के केंद्रीय राज्य मंत्री अजय भट्ट के सामने कांग्रेस के प्रकाश जोशी हैं। कांग्रेस यहां पर बहुत बड़ी चुनौती भाजपा के सामने रखती हुई नजर नहीं आ रही है। ये ही स्थिति, अल्मोड़ा सीट पर भी दिख रही है, जहां पर भाजपा से निवर्तमान सांसद अजय टम्टा के सामने कांग्रेस के प्रदीप टम्टा हैं। टिहरी और पौड़ी गढ़वाल सीट की बात करें, तो यहां दोनों ही जगह भाजपा को विरोधियों से मजबूत चुनौती मिल रही है। दिलचस्प बात ये है कि पौड़ी गढ़वाल में आमने-सामने की लड़ाई है, तो टिहरी में संघर्ष त्रिकोणीय होता जा रहा है। टिहरी सीट पर भाजपा उम्मीदवार माला राज्य लक्ष्मी शाह के मुकाबले में कांग्रेस के जोत सिंह गुनसोला और युवा निर्दलीय चेहरा बॉबी पंवार हैं। भाजपा को मजबूत संगठन, प्रचार में तेजी और वोटों के बिखराव से जीत की आस है। मगर दस वर्षों तक लगातार सांसद रहने के बावजूद उसके उम्मीदवार की अपेक्षाकृत सक्रियता न रहने से भाजपा को जीतने के लिए कहीं ज्यादा जोर लगाना पड़ रहा है। सबसे कांटे का मुकाबला पौड़ी गढ़वाल सीट पर है, जहां पर भाजपा उम्मीदवार अनिल बलूनी और कांग्रेस के गणेश गोदियाल आमने-सामने हैं। दोनों उम्मीदवारों की अपनी-अपनी खासियत है, जो मुकाबले में रोमांच पैदा कर रही है। मोदी-शाह से करीबी की वजह से बलूनी उत्तराखंड भाजपा की राजनीति में वह हैसियत प्राप्त कर चुके हैं, जहां पर किसी के लिए भी उन्हें नजरअंदाज करना संभव नहीं है। दूसरी तरफ, कांग्रेस के गणेश गोदियाल हैं, जो कि अपनी खुद की जुझारू छवि की बदौलत भाजपा को दमदार चुनौती दे रहे हैं। इन स्थितियों के बीच, भाजपा ने अपने तमाम स्टार प्रचारकों को उत्तराखंड में उतार कर इतिहास रचने के अपने संकल्प को सामने रखा है। चुनाव के नतीजे क्या रहते हैं, ये देखने वाली बात होगी।

## जातिगत जनगणना जरूरी है : राहुल

**गाजियाबाद।** लोकसभा चुनाव के द्वितीय चरण के मतदान से पहले आज सुबह कांग्रेस नेता राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कौशाम्बी के होटल रेडिशन ब्लू में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। दोनों ने भाजपा को घेरने की कोशिश की। राहुल ने जहां जातिगत जनगणना को समाज के विकास के लिए जरूरी तो अखिलेश ने पश्चिम की हवा को देश में बदलाव का प्रतीक बताया।




राहुल ने कहा कि यह विचारधारा का चुनाव है। गठबंधन संविधान और लोकतंत्र की रक्षा कर रहा है। लोकसभा चुनाव में हमारे मुद्दे बेरोजगारी, महंगाई और भागीदारी हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि आज सारा पैसा 20-25 लोगों के पास है। इससे समाज मे आर्थिक असमानता बढ़ रही है। किसान फसल का सही दाम मांग रहा है, लेकिन मोदी सरकार नहीं सुन रही। कांग्रेस के मेनिफेस्टो में इंडी गठबंधन के आइडियाज शामिल हैं।

कांग्रेस नेता गांधी ने कहा कि चुनाव में भाजपा का सफाया होगा। गठबंधन की सरकार बनेगी। गठबंधन की सरकार गरीब महिलाओं को एक लाख रुपये और बेरोजगारों को ज्यादा से ज्यादा रोजगार देगी। किसानों का कर्ज माफ किया जाएगा। एमएसपी भी लागू होगी महिलाओं को हर माह आठ हजार रुपये दिए जाएंगे । पेपर लीक को खत्म करने के लिए कानून बनाया जाएगा। राहुल से जब अमेठी छोड़ वायनाड से चुनाव लड़ने पर सवाल किया गया तो उन्होंने इसे भाजपा वाला सवाल बताया। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि गठबंधन गाजियाबाद से गाजीपुर तक क्लीन स्वीप करेगा। आज लूट और झूठ एनडीए गठबंधन की पहचान है। उन्होंने कार्यकताओं से अपील की कि वोटों का बिखराव न होने दें। हर हाल में बूथ की चौकीदारी करें। दोनों नेताओं ने गाजियाबाद से डॉली शर्मा, बागपत से अमरपाल शर्मा, गौतमबुद्धनगर से डॉ. महेंद्र नागर और बुलंदशहर से बाल्मीकि को वोट देने को अपील की।

## मैं असमिया फूलम गमछा का ब्रांड एंबेसडर : मोदी

**नलबाड़ी (असम) :।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि वे खुद असमिया फूलम गमछा के ब्रांड एंबेसडर हैं। प्रधानमंत्री ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया जब गले में असमिया गमछा डालने पर कांग्रेस उनका मजाक उड़ाती है। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस को असम के लोगों की भावना की कोई परवाह नहीं है।



भाजपा के वरिष्ठ नेता मोदी बुधवार को असम के नलबाड़ी के बरकूरा में एक विशाल चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारे मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा असम के विकास के लिए जिस प्रकार दिन-रात काम कर रहे हैं, उससे कांग्रेस बहुत पीछे चली गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस को दिया हुआ वोट किसी काम नहीं आएगा, क्योंकि केंद्र में उनकी सरकार नहीं बनेगी। यदि भाजपा को वोट देंगे तो विकसित भारत बनाएगा। अगले 5 वर्षों तक बिना भेदभाव के आपको मुफ्त राशन ऐसे ही मिलता रहेगा। उन्होंने कहा कि हर परिवार में दादा, दादी, पिता, माता आदि 70 साल के ऊपर के लोग होते हैं। उनको कोई भी तकलीफ हो तो परिवार के संतानों पर बोझ पड़ता है। इसलिए मोदी ने तय किया है कि आपके परिवार में 70 साल से ऊपर के जितने भी बुजुर्ग हैं, उनकी बीमारी के इलाज की चिंता मोदी करेगा। हर वर्ग के इन बुजुर्गों को बिना भेदभाव के आयुष्मान योजना के तहत 5 लख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी। संबोधन के बीच में उन्होंने कहा कि 12:00 बजने से कुछ पल बाकी है। अयोध्या और पूरे देश में प्रभु राम के जन्मोत्सव, प्रभु राम के स्वागत का बहुत बड़ा अभियान चल रहा है। उत्सव चल रहा है। हम भी उससे जोड़ना चाहते हैं। भले हम अयोध्या नहीं पहुंच पाए, हम यहां से प्रभु राम के जन्मोत्सव में जुड़ने के लिए तैयार हैं।अभी कुछ पल में वहां पर सूर्य तिलक होने वाला है। आप भी अपना मोबाइल फोन निकाल कर उसकी फ्लैशलाइट चालू करें। हम भी प्रभु राम को प्रणाम करें। मोदी ने जय श्रीराम, राम लक्ष्मण जानकी, जय बोलो हनुमान की के नारे लगवाए। उन्होंने कहा कि आपका बिजली बिल जीरो आए, इसके लिए कम दाम पर सोलर पैनल दिए जाएंगे। उसके कारण आपका बिजली का बिल जीरो हो जाएगा। आने वाले दिनों में इलेक्ट्रिक व्हीकल स्कूटी, स्कूटर, गाड़ी का सोलर की बिजली से चार्जिंग भी होगा। इससे ट्रैवलिंग का खर्चा जीरो हो जाएगा। उन्होंने कहा कि करोड़ों बहनें आज स्वयं सहायता समूह से जुड़ी हैं।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)